>

Title: Regarding allotment of land to local farmers at the rate of 12.5% by Jawahar Lal Nehru Port Trust, Navi Mumbai.

श्री गजानन ध. बाबर (मावल): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय जहाजरानी मंत्री जी का ध्यान न्यू-मुम्बई स्थित जवाहर लाल नेहरु पोर्ट ट्रस्ट की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। महोदया, जवाहर लाल नेहरु पोर्ट ट्रस्ट के निर्माण के समय_वहां ग्रामीणों की जमीन सरकार द्वारा अधिगृहीत की गयी थी और किसानों को यह आश्वासन दिया गया था कि साढ़े बारह टके के हिसाब से बाद में उन्हें जमीन दे दी जाएगी। 30 साल के लगातार आंदोलन के बाद किसानों को जमीन देने की बात कही गयी।

लेकिन_अभी तक किसानों को ज़मीन नहीं दी गई है, जिसके कारण स्थानीय किसान भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वहां दिन-प्रतिदिन आंदोलन हो रहे हैं। यह ज़मीन साढ़े बारह टका के हिसाब से किसानों को दी जानी है, वहां पर_ज़मीन समतल होनी चाहिए, जबकि यह ज़मीन ऊबड़-खाबड़ है। यह ज़मीन समतल किए जाने की आवश्यकता है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि इस मामले को जल्दी से जल्दी सुलझाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करे। जहां साढ़े बारह टका के हिसाब से ज़मीन किसानों को दी जानी है, वहां ज़मीन जल्दी से जल्दी समतल करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभाग को दिया जाए तथा किसानों को उचित रूप से ज़मीन का आबंटन किया जाए, जिससे कि सभी किसानों को लाभ मिल सके।